खबर संक्षेप

बिजली के लिए विधायक से मिले इकलेहरावासी

इकलेहरा / परासिया :- इकलेहरा नंबर 6 में बीते 6 माह से वेस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) की बिजली बंद है । जिसके चलते करीब 4 वार्डों के लोग परेशान है । इस समस्या के निराकरण के लिए इकलेहरा वासी विधायक सोहन वाल्मीकि से मिले और अपनी व्यथा सुनाई । लोगों ने कहा , कि अभी भीषण गर्मी है । बिजली के अभाव में जीना दूभर हो रहा है । विधायक श्री वाल्मीकि ने जी एम पेंच से मिलकर एक सप्ताह के अंदर समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया।

कांग्रेस सरकार में नहीं दिया गया था युवाओं को बेरोजगारी भत्ता

परासिया : भारतीय जनता पार्टी की मध्य प्रदेश सरकार द्वारा लाडली बहनों को हर महीने 1250 रुपए प्रदान किए जा रहे है । इस योजना की शुरुआत मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार ने की थी । अब इस योजना का असर अलग -

अलग नामों से पूरे देश में दिखने लगा है । भाजपा सरकार जो कहती है , करती है । ब्लॉक कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू नागी ने कहा , कि जब 2018 में कांग्रेस पार्टी ने युवाओं से 4000 बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था । इसी झूठे वादे के कारण मध्य प्रदेश में जोड़ तोड़कर कांग्रेस ने सरकार बनाई थी , किन्तु सरकार बनने के बाद इस वादे को पूरा नहीं किया गया । किसी भी बेरोजगार को 4000 तो क्या 400 रुपए नहीं दिए गए । कांग्रेस के युवा भी आज के इस प्रदर्शन में शामिल हुए थे उन्हीं से में पूछना चाहता हूँ , कि क्या उन्हीं की पार्टी की सरकार ने उनको बेरोजगारी भत्ता दिया था।

जवाबदार ही हानि पहुंचाने में नहीं है पीछे, पर्यावरण संरक्षण का ढोंग रचने वाले भी मौन

छात्रावास निर्माण में आड़े आ रहे हरे-भरे पेड़ों को ठेकेदार ने मशीन से उखाड़ फेंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया

जनजाति कार्य विभाग छिंदवाड़ा द्वारा नवीन स्वीकृत आदिवासी उत्कृष्ट बालक छात्रावास तामिया के निर्माण हेतु चयन भूमि में नीलगिरी के पेड़ काटे जाने से संबंधित ग्राम पंचायत तामिया से पेड़ काटे जाने की अनुमति मांगी गई है। इस पत्र में विसंगति है कि ग्राम पंचायत पेड़ काटने का अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करती है। नाक की पेड़ काटने की अनुमति देने का, लेकिन जनजातिय विभाग से पत्र पंचायत को पेड़ से काटने संबंध लिखा गया है। लेकिन पंचायत द्वारा किसी भी प्रकार की अनापत्ति और ना ही पेड़ काटे जाने की अनुमति दी गई है।

बावजूद इसके ठेकेदार ने तकनीकी अधिकारी से मिलकर छात्रावास भवन हेतु ले आऊट डाल दिया है, लेकिन इसमें आने वाले सात पेड़ को बिना अनुमति के ठेकेदार द्वारा लगातार जेसीबी मशीन से उखाड़ कर नाले में फेंका जा रहा है जबकि पेड़ काटे जाने के अपने नियम है। वन विभाग इसको सत्यापित करता है और राजस्व विभाग संस्था को पेड़ काटे जाने के अनुमति प्रदान करता है और यह पेड़ वन विभाग के डिपो में रखे जाते हैं, लेकिन अधिकारियों की मिली भगत से मेसर्स यूनिक इंफ्रास्ट्रक्चर की मनमानी इन पेड़ काटे जाने में साफ देखने मिल रही है। सोमवार को निर्माण स्थल पर जेसीबी मशीन से इन पेड़ों को बिना अनुमति मिले निर्माण कार्य की जल्दबाजी में नदी में फेंका दिया गया है जिससे पर्यावरण एवं ग्राम पंचायत की वन विभाग की अनुमति जैसे विभागों के नियम का खुला उल्लंघन छात्रावास बनाने वाले ठेकेदार द्वारा खुलेआम किया जा रहा है।

इस तरह जनजाति कार्य विभाग जो अपने भ्रष्ट कारनामों एवं फर्जीवाड़े के लिए जग जाहिर है, उसकी ही झलक इस छात्रावास निर्माण कार्य में हरे भरे पेड़ों को बिना अनुमति उखाड़े जाने में भी देखने मिल रही है। जबकि प्रदेश एवं केंद्र सरकार ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण कर पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए कृत संकल्पित है, लेकिन इन सारे पर्यावरण को बढ़ावा देने वाले प्रयासों का किस तरह से मजाक उड़ाया जा रहा है, वह इस बालक छात्रावास निर्माण में जनजातिय विभाग के कर्मचारियों अधिकारियों ठेकेदार के कारण देखा जा सकता है कि हरे भरे पेड़ों को किस तरह उखाड़ जाता है। ऐसा मामला कम ही देखने मिलता होगा ऐसा इसलिए सिर्फ हो पा रहा है कि ठेकेदार को राजनैतिक एवं प्रशासनिक संरक्षण प्राप्त है।

इसी बलबूते पर वह अनुमति के इंतजार किए बिना ही निर्माण कार्य के एकदम कोने में इन पेड़ों को मशीन से उखाड़ रहा है, जबकि चाहत तो पेड़ काटे जाने की अनुमति का इंतजार कर सकते थे, लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है, वहीं इस छात्रावास निर्माण का लेआउट देने वाली कंसलटेंसी विभाग के एसडीओ ऊपा यंत्री एवं सहायक आयुक्त इन हरे भरे पेड़ों को मशीन से उखाड़े जाने के लिए कम दोषी नहीं है।

इनके खिलाफ पर्यावरण को हानि पहुंचाने संबंधित प्रकरण बनाकर जिला प्रशासन को मिसाल पेश करनी होगी जिससे आने वाले समय में कोई भी ठेकेदार ऐसे हरे भरे पेड़ों को हानी ना पहुंच सके। इसके लिए कलेक्टर छिंदवाड़ा को ठोस कार्रवाई कर संबंधित अधिकारियों को दंडित किया जाना होगा।

इनका कहना है

पंचायत को जनजातीय कार्य विभाग से पेड़ काटे जाने की अनुमति देने संबंधी पत्र प्राप्त हुआ है। ग्राम पंचायत पेड़ काटने की अनुमति नहीं देती है क्योंकि पर्यावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ही वृक्षारोपण किया जाता है। अनापत्ति प्रमाण पत्र देने संबंधी अनुमति पंचायत की मीटिंग बुलाकर दी जाती है।

भुवन लाल देशमुख,
सचिव ग्राम पंचायत तामिया

अधूरे कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करें-कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में सीएम हेल्पलाइन, सीएम कार्यालय, सीएम हाउस, विभिन्न आयोगों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं न्यायालयों से जुड़े लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। साथ ही विभिन्न अंतर्विभागीय मुद्दों पर भी चर्चा की और महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज सभी शिकायतों का संतोषजनक और त्वरित निराकरण किया जाए। सभी बड़े विभाग विशेष प्रयास करें, और पिछली बार से ग्रेडिंग में सुधार करें। आपके कारण पूरे जिले का प्रदर्शन खराब होता है। उन्होंने भारिया हितग्राहियों के लिए संचालित आहार अनुदान योजना से संबंधित दोनों सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का 2 दिवस के अंदर निराकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश सहायक संचालक जनजातीय कार्य विभाग को दिए हैं। बैंक खाते संबंधी समस्या के कारण राशि उनके खाते में भी पहुंची है। उन्होंने कहा कि जनजातीय वर्ग की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर और पूरी संवेदनशीलता के साथ करें।

पेयजल संबंधी शिकायतों पर विशेष फोकस

सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम में विभिन्न क्षेत्रों से पेयजल संबंधी शिकायतें आ रही हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग इस पर विशेष ध्यान दे और तत्परता से समस्या का निराकरण कराएं। सभी एसडीएम भी अपने क्षेत्र पर पूरी नजर रखें और पेयजल समस्या का समाधान निकालें।

बुद्ध जयंती पर पांढुर्ना छिंदवाड़ा जिले में होंगे कार्यक्रम : डॉ भगत

सौंसर। आगामी 12 मई सोमवार को छिंदवाड़ा पांढुर्णा जिले में विश्व को करुणा मैत्री शांति,समता का संदेश देने वाले तथागत सम्यक गौतम बुद्ध का 2568 वा जन्मदिवस बुद्ध जयंती महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा, इस दौरान बौद्ध विहारों एवं डॉ अंबेडकर प्रतिमा स्थलों पर भारतीय बौद्ध महासभा राजरत्न आंबेडकर के द्वारा माल्यार्पण सामूहिक बुद्ध वंदना,रैली प्रबोधन,आदि कार्यक्रमो का आयोजन किया जाएगा,पांढुर्णा छिंदवाड़ा जिलों के सभी ग्रामों एवं शहरी क्षेत्र में बुध्द जयंती को बुद्ध महोत्सव के अंतर्गत मानने को लेकर ग्रामीण इकाइयों के पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है।

गुटबाजी के चक्कर में उलझी भाजपा

दमुआ में कार्यकर्ताओं के बीच हो रहा गुटबाजी का असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमुआ

कहने के सबसे बडी राजैनतिक पार्टी संगठन दल भाजपा में सत्ता एवं संगठन में ही आपसी तालमेल का अभाव देखा जा रहा है। भाजपा जिला स्तर पर तो गुटबाजी पहले से ही नजर आ रही है परन्तु गुटीय राजनीति के चक्कर में अच्छे खासे भाजपा नेता उलझे नजर आ रहे है। 10 अप्रैल को सक्रिय सदस्य सम्मेलन में नेताओं की गुटबाजी उभर कर सामने आई। यहां भाजपा संगठन के लिए शुभ संकेत नहीं है।

विधान सभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में सांसद विलंब से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे तो भाजपा जिला अध्यक्ष के कार्यक्रम आने के पहले ही सांसद ने अपने कुछ कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम से चले गये यह कार्यकर्ताओं में चर्चा का विषय बना रहा खासकर दो नेता एक ही मंच पर क्यों उपस्थित नहीं हुए ? विगत माह हुए संगठन चुनाव के बाद जिला भाजपा और विधान सभा स्तरीय नेताओं गुटबाजी जरूर नजर आई जबकि सांसद महोदय शेषराव यादव को जिला अध्यक्ष बनाये जाने के पक्ष में नही दिखे।

लेकिन प्रदेश नेतृत्व ने उन्हे दूसरी बार जिला अध्यक्ष बनाया जिला स्तरीय भाजपा नेता अपनी मनमानी रवैया अपनाते हुए कार्य कर रहे है। कार्यकताओं की भी बात सुननी समझनी चाहिए संगठन की गाईड लाईन के आधार पर काम होना चाहिए कहते है कि भाजपा संगठन मे कार्यकर्ता रीढ़ की हड्डी के समान काम करता है जब भी चुनाव आते है तो भाजपा को कार्यकर्ताओं की याद आने लगती है नही तो उन्हे कोई याद नही करता है। जिला स्तर की बात करें या फिर विधान सभा स्तर की भाजपा संगठन चुनाव में परासिया जैसे विधान सभा क्षेत्र में गुटबाजी के चक्कर में कार्यकर्तागण उलझे रहे।

इसी तरह जुन्नारदेव दमुआ जैसे विधान सभा क्षेत्र में भाजपा संगठन में भी गुटबाजी नजर आ रही है सब अपना अपना पल्ला भारी करने मे लगे हुए है। आपसी खींचतान से पार्टी की छवि को बट्टा लग रहा है। आने वाले समय में ये गुटबाजी भाजपा के लिए घातक साबित हो सकती है।

नवेगांव में होम्योपैथिक, तामिया में आयुर्वेद कॉलेज खुलेगा

सांसद ने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान उठाया था मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

सांसद बंटी विवेक साहू जिले के विकास के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। सांसद के प्रयासों से केन्द्रीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष मंत्रालय और राज्यमंत्री स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण ने छिन्दवाड़ा जिले के नवेगांव में होम्योपैथी तामिया में आयुर्वेद महाविद्यालय खोलने की पहल की है।

उल्लेखनीय है कि सांसद श्री साहू ने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान नवेगांव में हौम्योपैथिक महाविद्यालय एवं तामिया में आयुर्वेद महाविद्यालय खोले जाने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था। उन्होंने लोकसभा में केन्द्रीय मंत्री को अवगत कराया था कि जिले के तामिया और पातालकोट विश्व प्रसिद्ध आदिवासी क्षेत्र है इन क्षेत्रों में जड़ी बूटियों का भंडार है जिसका ज्ञान यहां के जनजातीय लोगों को भी है। हौम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति भी सरल सुलभ सस्ती इलाज की पद्धति हैं। ऐसी स्थिति में आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय कम लागत में प्रारंभ कर चिकित्सा की सुविधा बढ़ाई जा सकती है। सांसद द्वारा उठाये गये मामले के संदर्भ में केन्द्रीय मंत्री प्रतापराव जाधव जी ने सांसद श्री बंटी विवेक साहू को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि केन्द्र प्रायोजित योजना के राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत जिन राज्यों में सरकारी क्षेत्र में आयुष शिक्षण संस्थानों की उपलब्धता अपर्याप्त है वहा नये आयुष कॉलेजों की स्थापना का प्रावधान है छिन्दवाड़ा के नवेगांव में होम्योपैथिक एवं तामिया में आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना हेतु संबंधित प्रस्ताव राज्य सरकार के माध्यम से राष्ट्रीय आयुष मिशन के दिशा निर्देशों के अनुसार राज्य वार्षिक कार्य योजना के अंतर्गत आयुष मंत्रालय भारत सरकार को भेजा जा सकता हैं।

15 दिन के अंदर शुरू हो जाएगी सोनोग्राफी की सुविधा

सौंसर। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जल्द ही मरीजों को सोनोग्राफी की सुविधा मिलने वाली है, मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को बीएमओ डॉ राजेश शुक्ला के द्वारा अस्पताल का निरीक्षण करते हुए कर्मियों को दूर करने के निर्देश दिए है। इस दौरान रेडियोलॉजिस्ट डॉ चंद्रशेखर गजभिए के द्वारा भी सोनोग्राफी मशीन और कक्ष का निरीक्षण किया है। चर्चा के दौरान बीएमओ डॉ शुक्ला ने बताया सिविल हॉस्पिटल सौसर में जल्द मरीजो को सोनोग्राफी की सुविधा मिलने वाली है,,उन्होंने बताया कि सौसर के रेडियोलॉजिस्ट डॉ चंद्रशेखर गजभिए द्वारा अस्पताल में अपनी सेवाएं देने के लिए सहमति पत्र दिया गया है,जिसे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को प्रेषित किया जाएगा , सोनोग्राफी सुविधा की अनुमति प्राप्त होने पर यह सुविधा रोस्टर अनुसार नामांकित दिनों में प्रदाय की जावेगी,ज्ञात हो कि यहां पर पूर्व में रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर के द्वारा गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी करने की सेवाएं दी जा रही थी परंतु समय पर वेतन नहीं होने के चलते सोनोग्राफी की सुविधा बंद कर दी गई थी।

पंचायत में बैठे अधिकारी नहीं कर रहे जनता की समस्या का समाधान

पानी की समस्या को लेकर महिलाएं पहुंची नगर पंचायत लोधीखेड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

नगर पंचायत लोधीखेड़ा में पेयजल की समस्या को लेकर नगर वासी परेशान हो रहे हैं, सोमवार को पानी की समस्या को लेकर महिलाओं ने नगर पंचायत लोधीखेड़ा में पहुंचकर विरोध दर्ज किया है, इस दौरान पेयजल की नियमित सप्लाई नहीं होने को लेकर नगर पंचायत के अधिकारियों को महिलाओं के साथ पार्षद ने भी जमकर फटकार लगाई है, इस दौरान वार्ड वासियों एवं पार्षद के द्वारा वार्ड क्र. 07 एवं वार्ड क्र. 15 में पाणी की समस्या का निराकरण कराने को लेकर ज्ञापन भी सोपा है।

पार्षद श्रीमती गीता दिनेश भोयर ने बताया कि पेयजल समस्या को लेकर बार-बार नापा में बैठे हुए अधिकारियों को वार्ड वासियों के द्वारा अवगत किया जा रहा था बावजूद इसके पेयजल की समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा था जिसके चलते महिलाओं के द्वारा नगर पंचायत में पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करते हुए व्यवस्था बनाने की मांग की गई।

पार्षद श्रीमती भोयर ने बताया किवार्ड क्र. 07 एवं वार्ड क्र. 15 में पाणी की समस्या गंभीर है जो कि दोनो वार्ड में पर्याप्त मात्रा में पानी नही मिल पा रहा है। जिसकी शिकायत 24 अप्रेल को मुख्य अधिकारी को की गई थी,मुख्य अधिकारी द्वारा दोनो वार्ड का सर्वे एक एक घर जाकर किया गया है।

वॉल लगवाने का निर्णय लेकर वॉल पानी की टंकी छत्रपती स्कूल के पास लगाई गई,परंतु पानी की समस्या का कोई निराकरण नहीं हो पाया जिसके कारण वार्ड क्र. 07 एवं वार्ड क्र. 15 में भारी मात्रा में जन आक्रोश की स्थिती निर्माण हो गई है।पानी की समस्या का तत्काल निराकरण नहीं किया गया तो चार दिन बाद नगर परिषद के सामने वार्ड पार्षदो द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन

लाडली बहनों को 3 हजार देकर वादा पूरा करें सरकार : कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

नगर पंचायत चांदामेटा के अध्यक्ष गोविन्द बिजोलिया के नेतृत्व में कांग्रेस ने रैली निकालकर एस डी एम को ज्ञापन सौंपकर प्रदेश सरकार को उसका वादा याद दिलाया । ज्ञापन में लाडली बहनों को 3 हजार रुपये देने की बात कही गई है । रैली राम मंदिर परासिया से निकाली गई । जिसमें विधायक सहित बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई ।गौरतलब है , कि विधानसभा चुनाव के समय तात्कालीन मुख्य मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाडली बहनों को हर महीने 12 सौ रूपये देने का वादा किया गया था । जो बढ़ाकर 3 हजार किया जाएगा । सरकार को उसका यही वादा याद दिलाने कांग्रेस ने रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा । रैली को विधायक सोहन वाल्मीकि , चांदामेटा नपं अध्यक्ष गोविन्द बिजोलिया , कांग्रेस नेत्री अंजली श्रीवास्तव , ब्रज कुमारी सरेयाम ने संबोधित करते हुए सरकार को निशाने पर लिया । वक्ताओं ने कहा , कि दिनों दिन महंगाई बढ़ रही है । रसोई के दाम भी बढ़ गए हैं । ऐसे में मात्र 12 सौ रूपये में क्या होगा । महंगाई को देखते हुए अब लाडली बहनों को 3 हजार रुपये देना चाहिए । इसके अलावा पेंशन की राशि बढ़ाने , नई लाडली बहनों को जोड़ने की मांग रखी गई । इस कार्यक्रम में बड़कुही नपं अध्यक्ष भरत डेहरिया , न्यूटन नपं अध्यक्ष अनुपमा राय , महिला कांग्रेस अध्यक्ष सावित्री वर्मा , प्रतिभा सोनी , मंजू सोनी , शहर कांग्रेस अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह , नपं चांदामेटा उपाध्यक्ष अमजद खान , समन्वयक बसंत मालवी , पार्षद रूकमा बंसोड़ , जनपद सदस्य राधा साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे ।

क्षेत्र की कई बन्द खदानों में लाखों टन कोयला दफन है

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

जुन्नारदेव लगातार कोयला खदानें बंद होने से विधानसभा क्षेत्र जुन्नारदेव की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है। विधानसभा क्षेत्र के लोग असंगठित मजदूर ,बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं ।गांव के मजदूरों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा है ।वही लोग सबसे ज्यादा महंगाई और बेरोजगारी से नाराज एवं असंतुष्ट है।शिक्षित बेरोजगार की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है।रोजगार के अभाव में लोगों की आर्थिक स्थिति चिंताजनक है। जिस पर सरकार की ओर से कोई सार्थक पहल नहीं की जा रही है ।उल्टे डीजल, पेट्रोल ,गैस के दाम बढ़ने से महंगाई चरम सीमा पर पहुंच रही है ।गरीब एवं मध्यम वर्ग को परिवार के भरण-पोषण के लिए हलकान होना पड़ रहा है । बेरोजगारी के मुद्दे पर कोयला खदान मजदूर श्रमिक संगठन इंटक के महामंत्री भगवान दीन यादव ने कहा कि राष्ट्रीय संपत्ति कोयला खदानों के लगातार बंद होने से कन्हान एवं पेंच क्षेत्र में बेरोजगारी बढ़ रही है। आज भी क्षेत्र की कई बन्द खदानों में लाखों टन कोयला दफन है। कोयला खदान से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के स्थान पर नई भर्ती नहीं हो रही है। जिससे बेरोजगारी क्षेत्र में बढ़ रही है।वहीं व्यापार-व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हो गया है।बाजार की रौनक भी लुप्त होते जा रही है।जिससे बेतहाशा बेरोजगारी बढ़ रही है ।रोजगार उपलब्ध कराने में केंद्र एवं प्रदेश सरकार नाकाम साबित हो रही है ।बेरोजगारी दूर करने के लिए जन आंदोलन की आवश्यकता है ।तब ही सरकारी जागेगी।आगे उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष लाखों की तादात में युवा शिक्षित रोजगार की तलाश में दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं । लेकिन सरकार उन्हें नौकरी देने में असफल साबित हो रही है।

शिव पार्वती विवाह की कथा का किया बखान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव

नगर की समीपस्थ ग्राम पंचायत खापास्वामी के ग्राम भुतहा छावड़ी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन भागवत आचार्य पंडित रोहितानंद शास्त्री द्वारा शिव पार्वती विवाह की कथा का बखान किया गया इस दौरान उनके द्वारा भगवान शिव और माता पार्वती के वैवाहिक बंधन में बांधने की संगीत में कथा सुनाई गई। भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह में बाराती के रूप में हर प्रकार का प्राणी मौजूद था जहां पर मनुष्य दानव यक्ष गंधर्व पशु सभी भगवान शिव के विवाह में मग्न होकर झूमते देखे गए। विवाह के दौरान शिव पार्वती की आकर्षक झांकी का प्रदर्शन भी भागवत कथा स्थल पर किया गया। कथा का वाचन प्रतिदिन रात्रि 8:00 बजे से 11:00 तक किया जा रहा है। कथा सुनने के लिए सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु कथा स्थल पर पहुंच रहे हैं। कथा आयोजक ग्राम पंचायत भुतहा छावड़ी ने समस्त श्रद्धालुओं से कथा का श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

साहू समाज के सर्वसम्मति से अध्यक्ष बने बालकृष्ण साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगोड़ी

अमरवाड़ा श्री राम मन्दिर में साहू समाज की बैठक में समाज हित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। समाज की सर्वसम्मति से पुनः समाज अध्यक्ष बालकृष्ण साहू को बनाया गया जो निरंतर समाज हित में कार्य करते आ रहे हैं।

इसके साथ ही नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमे संरक्षक पहलाद साहू मोहन साहू गणेश साहू पंडा तुलसीराम साहू सुमेरचंद साहू उपाध्यक्ष पद में गोपाल साहू संतोष साहू विनोद साहू इंडिया गणेश साहू राजेंद्र साहू महामंत्री पद में सुरेश साहू सुनील साहू एवं मीडिया प्रभारी मोहित साहू शिवनंदन साहू समाज सचिव दिनेश साहू सह सचिव नितेश साहू कोषाध्यक्ष मदन साहू सुखदयाल साहू मंत्री प्रदीप पप्पू साहू निक्की साहू को नियुक्त किया गया समाज के लोगों ने नई कार्यकारिणी से सामाजिक विकास और कल्याण के कार्यों की उम्मीद जताई है। समाज के अध्यक्ष ने बताया कि समाज की सर्व सहमति से पुनः अध्यक्ष पद का दायित्व सोपा गया है जो मैं निरंतर समाज हित के लिए करूंगा समिति की सहमति से आगामी मां कर्मा जयंती समारोह में विवाह का आयोजन भी किया जाएगा नई टीम समाज के उत्थान के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करेगी।

नई युवा कार्यकारिणी अध्यक्ष नवीन साहू उपाध्यक्ष राजेश साहू,शुभम साहू ,अंकित साहू ,मुकेश साहू महामंत्री कमलेश साहू,ओमप्रकाश साहू सचिव अंशुल साहू सहसचिव संदीप साहू लकी साहू कोषाध्यक्ष मंत्री मनोज साहू मोनू साहू ,अंशुल साहू , एवं मीडिया प्रभारी चिराग साहू को जिम्मेदारी दी गई है। जिसमें समस्त साहू समाज उपस्थित रहा इस दौरान समाज के व्यक्तियों द्वारा नवीन कार्यकारिणी के आतिशबाजी के साथ फूल माला के साथ स्वागत किया गया।

प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन, पाकिस्तान से युद्ध उचित विकल्प नहीं : साहू

छिंदवाड़ा। सामाजिक कार्यकर्ता भगवानदीन साहू ने जिला कलेक्टर को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन देकर पाकिस्तान से युद्ध ना करने का प्रार्थना पत्र दिया पत्र में बताया कि समाचार पत्रों और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से ज्ञात हुआ है कि भारत पाकिस्तान पर हमला करने वाला है । युद्ध हर समस्या का हल नहीं है । एक युद्ध देश की अर्थव्यवस्था को 20 वर्ष पीछे ढ़केल देगा । देश अभी कोरोना जैसी महामारी से उभरा है । युद्ध और रिश्ते हमेशा बराबरी वालों के साथ होना चाहिए । पाकिस्तान जैसे भूखे नंगे देश के साथ युद्ध भारत की प्रतिष्ठा के विपरीत है । पहलगाम में आतंकी हमला बेहद निंदनीय कृत्य है । रूस और यूक्रेन युद्ध से हमको सबक लेना चाहिए । यूरोपीय देश सीधे सीधे रूस पर हमला नहीं कर सकते थे इसलिए उन्होंने एक जोकर जेलेंस्की को पकड़ा आज यूक्रेन पूरी तरह बर्बाद है। वहीं रूस और यूरोपीय देशों के हालात भी चिंता जनक है । अमेरिका जैसा सुपर पावर देश के हालात भी कुछ ठीक नही है । पूरे विश्व के लोगों को एक मात्र भारत से अपेक्षा है । अतः युद्ध इस समस्या का हल नहीं है । जितनी पाकिस्तान की आबादी है उससे ज्यादा गद्दार तो देश में विद्यमान है । हमने बहुत युद्ध पाकिस्तान से लड़े और जीते भी है पर समस्या आज भी समस्या ही है ।

जल गंगा संवर्धन अभियान में चंदन नदी में किया श्रमदान

सामूहिक सहभागिता और स्वैच्छिक भाव से प्रयास करने पर ही जल संवर्धन को मिलेगी गति

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान की सक्रियता निरंतर क्षेत्र में बनी हुई है। इसी कड़ी में जन अभियान परिषद विकासखंड वारासिवनी द्वारा गठित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सिकंदरा एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत समाज कार्य में स्नातक और स्नातकोत्तर के सामाजिक कार्यकर्ता छात्रों द्वारा सामूहिक श्रमदान कर जल संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश प्रसारित किया गया। जिसमे सिकंदरा मोक्षधाम में चंदन नदी के दोनों तट की पॉलीथीन और गाद निकालकर साफ-सफाई की गई और जन जागरूकता का संदेश देने के लिए रैली निकाली गई। इस अवसर पर उपस्थित जनों से चर्चा करते हुए सुरेंद्र कुमार भगत (विकासखंड समन्वयक) ने कहा कि हमें आने वाले समय के लिए जल के विभिन्न स्थानों जैसे कुआं बावड़ी तालाब आदि को बचाने के लिए हम सभी को मिलकर सामूहिक सहभागिता और स्वैच्छिक भाव से प्रयास करना होगा हमें जल की महत्वत्ता सभी ग्रामीण जनों के साथ आपस में चर्चा संवाद कर साझा करना चाहिए। उन्होंने कहा हमें अपने गांव में अपने घर में अपने परिवार में मोहल्ला में सभी समाज वर्गो के लोगों को जन जागरूकता कर जल है तो कल है और जल ही जीवन है इसके लिए जल संरक्षण करना सोख्ता गड्ढे बनना, जल स्रोतों की साफ सफाई करना, जल संरक्षण के लिए संरचना निर्माण करना, बोरी बंधान करना, पानी व्यर्थ ना बहे इसलिए जन जागरूकता कार्यक्रम करना चाहिए। इस दौरान सभी उपस्थित जनों को जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रम के सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे ।

रमरमा के पंचों ने सरपंच के खिलाफ एसडीएम को सौंपा अविश्वास प्रस्ताव का आवेदन

सरपंच पर लगाया शासन को आर्थिक क्षति पहुँचाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी। जनपद पंचायत वारासिवनी के अंतर्गत ग्राम पंचायत रमरमा के 12 पंचों ने सोमवार को एसडीएम राजीव रंजन पांडे के समक्ष उपस्थित होकर सरपंच इमला बाई रामन बिसेन के प्रति अविश्वास जताते हुए उसे पद से पृथक करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया हैं।

सरपंच ने लाखों रुपये का किया फर्जी आहरणः पंचों द्वारा एसडीएम के समक्ष पेश दिए गए आवेदन में सरपंच पर शासन को आर्थिक क्षति पहुँचाने का आरोप लगाया गया हैं और साथ ही पिछले एक वर्षो से पंचायत की बैठक भी नहीं बुलाने और अपनी मनमर्जी से काम करने का आरोप लगाया गया हैं। आवेदन के अनुसार सरपंच इमला बाई बिसेन पर पंचों ने आरोप लगाया हैं कि उनके द्वारा बिना सडक़ मरम्मत किए 82100 रुपये, नल जल योजना की मरम्मत के नाम पर फर्जी बिल लगाकर 68105 रुपये, वर्ष 2023-24 में सी सी सडक़ का निर्माण किया गया और बिना मूल्यांकन कराए 68280 रुपये की राशि का फर्जी आहरण किया गया, ग्राम पंचायत रमरमा के नाकाटोला में दुकानों के किराये की राशि एवं ठेके की राशि 26500 रुपये की अवैध वसूली कर आहरण किया गया, बिना टी एस के मिट्टी, सडक़ निर्माण में जेसीबी द्वारा काम करवा कर सडक़ में पुलिया के लिए पुराने पाईप लगाकर 88942 रुपये की राशि का आहरण किया गया, रमरमा मेला स्थल पर साफ सफाई के नाम पर 44600 रुपये का फर्जी बिल लगाकर आहरण किया गया, जबकि मेला क्षेत्र की साफ सफाई का कार्य मेला ट्रस्ट कमेटी के द्वारा किया जाता हैं, इसके साथ ही सरपंच द्वारा वर्ष 2023 से ग्राम पंचायत की बैठक आहूत नहीं की गई हैं।

47931 रुपये के फर्जी आहरण की वसूली कार्यवाही जिला पंचायत में विचाराधीन : आवेदन अनुसार ग्राम पंचायत रमरमा में मूत्रालय के नाम पर 47931 रुपये के फर्जी बिल बनाकर सरपंच द्वारा राशि का आहरण कर लिया गया हैं, जिसकी शिकायत के बाद सरपंच से राशि वसूली की कार्यवाही जिला पंचायत बालाघाट में विचाराधीन हैं। पंचों ने सरपंच पर आरोप लगाया हैं कि वह अपनी मनमानी करती हैं और नियमों की धज्जियाँ उड़ाकर कार्य कर शासन को आर्थिक क्षति पहुँचा रही हैं। जिससे सभी पंचगण व ग्रामवासी परेशान हैं और सरपंच ने सभी पंचों का विश्वास खो दिया हैं। इसीलिए सरपंच को अपने पद पर बने रहने का कोई हक नहीं हैं, उसे पद से हटाने की कार्यवाही की जावें। पंचों के अनुसार पंचायत में सरपंच सहित कुल 15 पंच हैं, जिसमें से 12 पंच सरपंच के विरोध में हैं, इसीलिए उन्हें तत्काल हटाया जाये।

इन्होंने किया हैं आवेदन में हस्ताक्षरः एसडीएम श्री पांडे ने पंचों का आवेदन लेने के बाद आगे की प्रक्रिया के लिए सभी को उनके समक्ष उपस्थित होने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम को सौंपे गए आवेदन में देवीसिंह जमनु धुर्वे उपसरपंच, पुष्पा बाई राहुल धुर्वे पंच वार्ड नम्बर 2, सरिता यशवंत गोंड पंच वार्ड नम्बर 1, नरेन्द्र अमरलाल कुमरे पंच, संतोष भोजलाल गोंड पंच, रविन्द्र मलखे गोंड़, मीना भरत राऊत पंच, हसीन खान हमित खान पंच, योगेश्वरी श्रवण मात्रे पंच, जीराबाई डुलीचंद जमरे पंच, हेमा निरंजन मेश्राम पंच और ललिता राजकुमार मरार के हस्ताक्षर थे और लगभग सभी लोग उपस्थित थे।

दि बुद्धिस्ट सोसाइटी के स्थापना दिवस पर नए वित्तीय वर्ष की कार्य योजना बनाकर किया गया लक्ष्य का वितरण

आर.के.कठाने एवं राजकपूर कामडे को डॉ बाबासाहेब आंबेडकर इंटरनेशनल अवार्ड मिलने पर किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट। भारतीय बौद्धो की सर्वोच्च धार्मिक संस्था दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया का स्थापना दिवस 4 मई को जिला शाखा बालाघाट में आयोजित किया गया। इस दौरान एक विशेष बैठक आयोजित हुई जिसमें आगामी नये वित्तीय वर्ष 2025-26 के लक्ष्य/टारगेट का वितरण कर जिले के समर्पित ,निष्ठावान ,साथी आर के कठाने जी प्रदेश सचिव मप्र एवं राजकपूर कामडे प्रदेश कार्य.सचिव म.प्र.इनको विगत वर्षों में किए गए धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों के लिए बोधिसत्व डा. बाबा साहेब अंतराष्टीय अवार्ड प्राप्त होने पर मप्र राज्य शाखा के अध्यक्ष डॉ चरनदास ढेंगरे एवं जिला शाखा बालाघाट द्वारा आत्मीय सम्मान किया गया। शाखा बैठक संस्था के मप्र शाखा के अध्यक्ष डॉ. चरनदास ढेंगरे के मुख्य अतिथि में जिलाध्यक्ष एस.एल.रंगारे की अध्यक्षता में, प्रदेश उपा. हेमलता डोंगरे, जिला कोषाध्यक्ष प्रमिला चौहान, जिले के अन्य पदाधिकारी एवं तहसील शाखा लांजी के अध्यक्ष प्रमोद कुमार भिमटे प्राचार्य, किरनापुर के दुरेन्द्र सावनकर, वारासिवनी- धमेन्द्र कुमार घोडेसवार, खैरलांजी-लज्जूताई भोरजार, बैहर-के.आर.सोनटके,बालाघाट नगर महासचिव शीतल खोब्रागढे, नगर अध्यक्ष वारासिवनी मुकेश कुमार भालाधरे आदि प्रमुख पदाधिकारी की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई। जिसमें विभिन्न बिंदुओं पर प्रस्ताव पारित किए गए। सदस्यता अभियान में सभी को साधारन,सक्रिय,आजीवन सदस्य बनाना,साधारण सदस्य प्रत्येक तहसील में 1000 बनाना,शाखाओ के गठन एवं पुनर्गठन में सभी तहसील प्रतिमाह 3 ग्राम शाखा एवं नगर शाखा 1 वार्ड शाखा का निर्माण करना,प्रशिक्षण शिविरों में प्रत्येक तीन माह में एक दिवसीय 1 एवं प्रतिवर्ष 10 दिवसीस श्रामनेर,बोधाचार्य एवं उपासिका धम्म प्रशिक्षण शिविर 1 का आयोजन करना, जिले के समस्त शाखाओं में संस्था संरक्षण विभाग अर्थात SSD का विस्तार करना,केन्द्रीय कार्यालय मुंबई के निर्देशानुसार राष्ट्रीय स्तर पर कार्यकर्ता डायरी का निर्माण करना हेतु जानकारी भेजी गई,केंद्रीय कार्यालय मुंबई के निर्देशानुसार महाबोधि मुक्ति आंदोलन के तहत महाबोधि विहार बुद्ध जयंती 12 मई तक BT एक्ट 1949 समाप्त कर संपूर्ण अधिकार बौद्धो के हवाले नही किया जाता तो संस्था के राष्टीय ट्रस्टी,कार्याधक्ष,समता सैनिक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बोधिसत्व डॉ.बाबा साहब अंबेडकर जी के पौत्र डॉक्टर भीमराव यशवंत राव अंबेडकर साहेब मुंबई के नेतृत्व में बिहार विधानसभा का घेराव किया जाएगा। जिला शाखा द्वारा आयोजित श्रीलंका धम्मयात्रा(प्रयत्न) 2 से 10 जून तक सुचारू रूप से संपन्न करने सहित अन्य प्रस्ताव पारित किए गए। वही मुख्य अतिथि आद.ढेंगरे ने सभी से संस्था के बायलाज के अनुसार संस्था के माध्यम से कार्य गतिमान करने हेतु आव्हान किया। बैठक में जिला शाखा के सचिव अशोक कुमार मेश्राम, एन के मेश्राम कॉन्टैक्टर, के.के.भालाधरे, गौतम भीमटे, विनय चौरे,हरिचंद गौरकर, आनंद वैध,खुशियाल मेश्राम आदि भारी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे। उक्त जानकारी जिला सचिव अशोक कुमार मिश्रा के द्वारा दी गई।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत लांजी किले परिसर से लगे खाई तालाब में चलाया गया सफाई अभियान

नगर परिषद् लांजी के परिषद अधिकारी कर्मचारी ,पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ता, एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज लाँजी। शासन के आदेशानुसार इन दिनों जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जल स्त्रोतों को सुरक्षित रखने का प्रयास किया जा रहा है। वही जल स्त्रोतो के स्थान पर उग आये कचरे एवं खरपतवार को साफ करने का भी कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर परिषद् लांजी द्वारा बालाघाट कलेक्टर मृणाल मीणा के निर्देशानुसार बी.एल.लिल्हारे मुख्य नगरपालिका अधिकारी के मार्गदर्शन में नगर परिषद् लांजी द्वारा दिनांक 05 मई 2025 से 08 मई 2025 तक लांजी के ऐतिहासिक किला परिसर के समीप स्थित खाई तालाब पर जनभागीदारी से सफाई स्वच्छता कार्यक्रम किया जा रहा है। जिसमें नगर परिषद् के परिषद् पदाधिकारीगण, पूर्व जनप्रतिनिधि, स्कूल स्टॉफ, सामाजिक कार्यकताओं, एवं स्थानिय नागरिकों व किले के स्टॉफ तथा नगर परिषद् अधिकारी-कर्मचारियों तथा सफाई मित्रो के सहयोग से खाई तालाब का कचरा एवं खरपतवार को निकालकर सफाई की जा रही है। जिससे जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कार्य है।

नगर परिषद लांजी की अध्यक्ष श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले ने शासन द्वारा चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि शासन ने जल की महत्ता को समझते हुए जल स्त्रोतों को सुरक्षित रखने के लिये अभियान का आयोजन करने हेतु निर्देशित किया है। जिसे जल स्त्रोत साफ एवं स्वच्छ बने रहेगें।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत खाई तालाब की सफाई कार्यक्रम में नगर परिषद सभापति श्रीमती शिखा गोस्वामी, किशोर रामटेक्कर, विजय गोस्वामी, विधायक प्रतिनिधि कैलाश गोस्वामी, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष नंदकिशोर तरारी, पूर्व पार्षद संजय खोब्रागढ़े, अमर बनवारी, सामाजिक कार्यकर्ता श्यामा मुरकुटे, वरिष्ठ पत्रकार दिनेश रामटेक्कर किला एमटीएस पीतमलाल बड़में, विजय लहरे, नगर परिषद कर्मचारियों में वंदना भार्गव, संतोष भार्गव, राजेश मिश्रा, तेजराम आसटकर, उत्तम रामटेक्कर, विनोद तिवारी तथा समस्त कर्मचारियों के साथ साथ समस्त सफाईमित्रों का सराहनीय योगदान रहॉ।

भालवा नाले से गिरकर 56 वर्षीय शख्स की हुई मौत

कटंगी। कटंगी-बोनकट्टा मुख्य सड़क मार्ग पर ग्राम खजरी के नजदीक भालवा नाला से नीचे गिरने से एक 56 वर्षीय शख्स की दर्दनाक मौत हो गई. हादसा रविवार की रात्रि करीब साढ़े 10 बजे के आस-पास हुआ है. हादसे के बाद शख्स को सीधे सरकारी अस्पताल कटंगी पहुंचाया गया. जहां चिकित्सक विनोद भलावी ने मौत की पुष्टि की. मृतक की पहचान ढालचंद जामरे निवासी नेवरगांव थाना वारासिवनी के रूप में हुई है. ढालचंद जामरे नवेगांव से ग्राम खजरी में एक विवाह समारोह में बतौर बाराती के रूप में आया हुआ था. बताया जा रहा है ढालचंद ने अत्यधिक शराब का सेवन कर रखा था संभवत इसी कारण नाले से नीचे गिरने का अनुमान लगाया गया है मृतक के सिर पर चोट लगी थी. सोमवार की सुबह 10 पुलिस ने सरकारी अस्पताल कटंगी के शव विच्छेदन गृह में पहुंचकर मृतक के परिजनों के कथन दर्ज किए. शव का पीएम होने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है. पुलिस हादसे की जांच में जुट गई है।

खबर संक्षेप

28 वर्षीय युवक ने फांसी लगा की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज सिवनी।जिले के अरी थाना क्षेत्र के गंगेरुआ गांव में 28 वर्षीय सत्येंद्र ठाकरे ने आत्महत्या कर ली। उन्होंने रात में घर के पास लेंटर में फांसी लगा ली। सुबह परिजनों को सत्येंद्र का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मृतक सत्येंद्र ठाकरे राजकुमार ठाकरे के पुत्र थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से उतारा। पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। अरी थाना प्रभारी आशीष खोपड़ागड़े के अनुसार मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस परिजनों और स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। परिजनों ने बताया कि सत्येंद्र पुणे की कंपनी में काम करता था। कुछ दिन पहले ही लौटा था।

नासिक से प्रयागराज और बोधगया की यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं की ट्रैवलर वाहन ट्रक से टकराया, खेत में जा घुसा, 10 यात्री घायल

जिले में नेशनल हाईवे-44 पर छपारा बायपास के पास एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। नासिक से प्रयागराज और बोधगया की यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं की ट्रैवलर वाहन एक ट्रक से टकरा गई। दोपहर करीब 3 बजे की यह घटना है। ट्रैवलर में कुल 17 यात्री सवार थे, जिनमें महिलाएं, बच्चे और पुरुष शामिल थे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

हादसा तब हुआ जब आगे चल रहे ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इससे ट्रैवलर वाहन ट्रक से टकरा गई और बेकाबू होकर सड़क से खेत में जा घुसी।घायलों में दो हालत गंभीर प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। छपारा पुलिस की मदद से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में 10 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 8 को मामूली चोटें आई हैं, जबकि 2 लोगों का गंभीर हालत में इलाज जारी है। छपारा थाना प्रभारी खेमेन्द्र जेतवार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। साथ ही घायलों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस घायलों की जुटा रही जानकारी थाना प्रभारी खेमेन्द्र जेतवार का कहना है कि सूचना मिली थी कि सड़क हादसे में ट्रैवलर वाहन में सवार 10 लोगों को चोटें आई है। जिनमें से 8 लोगो को हल्की फुल्की चोट है और दो लोगों इलाज जारी है। फिलहाल घटनाक्रम की जांच की जा रही है और घायलों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

इधर, अनियंत्रित होकर बाइक फिसली,बाइक सवार गंभीर घायल

सिवनी जिले के घंसौर थाना अंतर्गत जमहोडी ग्राम के समीप एक सड़क हादसा हो गया जहां अनियंत्रित होकर बाइक फिसलने से एक युवक गंभीर घायल हो गया। जानकारी के अनुसार एक बाइक सवार गंगाराम पिता राम सिंह उम्र 35 वर्ष निवासी पनारझिर अपने घर से दिवारा ग्राम जा रहा था जब वह जमहोडी ग्राम के समीप पहुंचा तो बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इस हादसे में मोटरसाइकिल सवार गंभीर घायल हो गया। घटना की जानकारी प्रत्यक्ष दर्षियों ने पुलिस और 108 वाहन में दी।जिसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुँची और घटनाक्रम की जांच कर रही है। और पता लगाने जा प्रयास किया जा रहा है कि हादसा कैसे हुआ।घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया का कहना है कि सूचना मिली थी कि बाइक से गिरकर एक व्यक्ति घायल हुआ है।फिलहाल घटनाक्रम की जांच की जा रही है।पुलिस लगातार लोगो से अपील कर रही है कि सावधानी पूर्वक वाहन चलाएं बाबजूद इसके लोग लापरवाही बरत रहे हैं और हादसे का शिकार हो रहे हैं।

खुले में शराब पीने वाले शराबियों पर कोतवाली पुलिस का चला डण्डा,10 शराबियों पर प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा आम जनता के लिए सुरक्षित माहौल देने के उद्देश्य से प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देश प्राप्त हुए है जो अति. पुलिस अधीक्षक गुरुप्रसाद शर्मा नगर पुलिस अधीक्षक शमति पूजा पांडे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली किशोर वामनकर द्वारा सार्वजनिक स्थानो पर शराब पीने वालो के विरूद्ध लगतार विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 03/05/25 को थाना कोतवाली प्रभारी द्वारा स्वंय के स्तर पर टीम गठित कर थाना कोतवाली क्षेत्र के अलग अलग स्थानो दाबिश देकर उन स्थानो पर जहां पर आम जनता का आना जाना होता है इसके साथ ही महिलाओ एवं छात्र छात्राओ की आवाजाही होती है आम जनता का आवागमन सुरक्षित कराने के उद्देश्य से थाना प्रभारी कोतवाली एवं कोतवाली पुलिस स्टाफ द्वारा अलग अलग टीम के द्वारा छिन्दवाडा ब्रिज, बारापत्थर शराब दुकान, बस स्टैंड शराब दुकान, नगरपालिका शराब दुकान, सार्वजनिक पार्क इत्यादि स्थानो पर कार्यवाही की गई जो 10 आरोपियो के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किये गये है। आरोपी मे. आतिब खान पिता रशीद खान उम्र 38 साल निवासी पालिटेक्निक कॉलेज के पास 02. दीपक धुर्वे पिता पन्नालाल धुर्वे उम्र 45 साल निवासी कस्तुरबा वार्ड सिवनी, 03. जफर खान पिता रशीद खान उम्र 25 साल निवासी घसियारी मोहल्ला सिवनी, 04. मनोज बैरागी पिता फूलसिंह उम्र 42 साल निवासी कोहनूर लाज बुधवारी बाजार, 05. झाडूलाल पिता गेंदलाल मरावी उम्र 44 साल निवासी एम. एच पेट्रोल पंप गंज वार्ड 06. रवि रजक पिता ताम्रसिंह रजक उम्र 25 साल निवासी गायत मंदिर के पास बारापत्थर 07. अमित पिता शंकरलाल डेहरिया उम्र 35 साल निवासी साहू कबाडा मंगली पेट सिवनी, 08. प्रदीप कुमार पिता बसंत यादव उम्र 30 साल निवासी साहू कबाडा मंगलीपैठ सिवनी, 09. सोनू यादव पिता ढब्बूलाल यादव उम्र 35 साल निवासी साहू कबाडा के पास ललमटिया 10. नितेश बघेल पिता मानसिंह बघेल उम्र 35 साल निवासी गंज वार्ड सिवनी । सराहनीय कार्य थाना प्रभारी कोतवाली एवं थाना स्टाफ का योगदान रहा ।

अवधूत सिद्ध महायोगी श दादा गुरू के दिव्य दर्शन एवं माँ नर्मदा संवाद 8 मई को स्मृति लॉन में

हरिभूमि न्यूज सिवनी। 1600 दिनों से अखंड जारी सदी की सबसे कठोर निराहार महाव्रत साधना कर रहे अंतराष्ट्य संत अवधूत सिद्ध महायोगी श दादा गुरु भगवान का शिव की नगरी सिवनी में 8 मई को आगमन होने जा रहा हैं। जहाँ वे माँ नर्मदा, धर्म, धेनु, धरा, प्रकृति, नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण आदि विषयों पर संवाद करेंगे। दादा गुरु भगवान परिवार जिला सिवनी द्वारा बताया गया कि, इस कार्यक्रम का आयोजन 8 मई 2025 दिन गुरुवार तिथि मोहनी एकादशी को नगर के स्मृति लॉन बाहुबली चौक बारापत्थर सिवनी में होगा। श दादा गुरु का आगमन दोपहर 2:00 बजे छिंदवाड़ा रोड बाईपास पर होगा वहां से सभी भक्त मंडल के साथ दादा गुरु साथ छिंदवाडा चौक, नगरपालिका चौक, रानी दुर्गावती चौक, सिंधिया चौक होते हुये बाहुबली चौक से स्मृति लॉन पहुंचेंगे। जहाँ भजन मंडल द्वारा भजनों की प्रस्तुति, दादा गुरूजी का सत्संग एवं नर्मदा संवाद तथा माँ नर्मदा की महाआरती के पश्चात दादा गुरू का पूजन अर्चन के बाद छपारा के लिये प्रस्थान करेंगे जहाँ राम मंदिर छपारा से रामघाट छपारा तक भव्य शोभा यात्रा तथा रामघाट, गोल्डन टेम्पल में प्रत्येक एकादशी में होने वाली माँ वेनगंगा की महाआरती में सम्मिलित होंगे। दादा गुरु भगवान परिवार जिला सिवनी नें सभी धर्मप्रेमी, पर्यावरण प्रेमी से अपील की है कि, कार्यक्रम मे पारम्परिक परिधान में उपस्थित होकर दादा गुरु के दिव्य दर्शन कर पुन्यलाभ अर्जित करें।

ग्रीष्मकालीन शिक्षण शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज सिवनी। 1 मई 2025 से दिनांक 10 मई 2025 तक परम पूज्य संत शिरोमणि समाधिस्थ गुरुवर आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज व नवपट्टाचार्य श्री समयसागर जी महामुनिराज के मंगल आशीर्वाद व परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि श्री सुधा सागर जी महामुनिराज की पावन प्रेरणा से श्री श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर जयपुर राजस्थान के तत्वावधान मे गगनचुम्बी शिखरो से युक्त जिनालय व इतिहासिक रजत जिनेन्द्र अश्व रथ जैसी अनमोल विरासत के लिए विश्व प्रसिद्ध मध्य प्रदेश की धर्म नगरी श्री पारसनाथ दिगंबर जैन अतिशयक्षेत्र सिवनी मे ग्रीष्मकालीन शिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे आगंतुक विद्वान अभिषेक अयांश, अनुज बंडा, शरद बरगी, प्रसून के मार्ग दर्शन मे पहला भाग, दूसरा भाग, दर्शन पाठ, स्वयंभू स्त्रोत्र, तत्वार्थ सूत्र आदि की कक्षा लगाई जा रही है। जिसमे सभी वर्ग के लोग बड़ी संख्या मे उपस्थित होकर अपने धर्म ज्ञान मे वृध्दि कर रहे है।

आदि शंकराचार्य जयंती पर केवलारी में हुआ दिव्य विमर्श

ज्ञान, संस्कृति और जल संरक्षण का संदेश लेकर सम्पन्न हुआ भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ केवलारी।

शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय केवलारी में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड केवलारी के तत्वावधान में जगतगुरु आदि शंकराचार्य जी की जयंती पर एक विशेष संगोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं छायाचित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। मुख्य अतिथि सक्षम संस्था केवलारी ब्लॉक अध्यक्ष एवं ख्यातिप्राप्त सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. अविनाश तिवारी ने अपने प्रभावशाली उद्बोधन में कहा,

"आदि शंकराचार्य न केवल एक महान दार्शनिक थे, बल्कि वे भारत की सांस्कृतिक चेतना के महान संगठक भी थे। उन्होंने अद्वैत वेदांत के माध्यम से भारतीय दर्शन को एकसूत्र में बाँधने का कार्य किया। उनका जीवन हमें सिखाता है कि ज्ञान, वैराग्य और सेवा – ये ही सच्चे धर्म के आधार हैं। वर्तमान समय में उनके उपदेश हमारे सामाजिक जीवन के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं।" उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सनातन संस्कृति की मूल भावना को आत्मसात कर, समाज में सद्भाव व नैतिकता की स्थापना करें।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. संजय मिश्रा, अतिथि विद्वान एवं राष्ट्य सेवा योजना के प्रभारी ने कहा, "आदि गुरु शंकराचार्य का जीवन दर्शन, न केवल आध्यात्मिक ऊँचाइयों का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक समरसता और ज्ञान की पराकाष्ठा का भी परिचायक है। उन्होंने देशभर में चार मठों की स्थापना कर भारत को वैचारिक एकता में बाँधा। उनका संदेश 'ब्रह्म सत्यं, जगन्मिथ्या' आज भी आत्मबोध की दिशा में मार्गदर्शन करता है।"उन्होंने छात्र-छात्राओं को शंकराचार्य के विचारों को अपने जीवन का आधार बनाने हेतु प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथियों में जन अभियान परिषद सिवनी जिला समन्वयक श सौरभ शुक्ला, मां रेवा ग्राम उत्थान समिति अध्यक्ष अशोक बंदेवार, महाविद्यालय की प्रशिक्षक पी.डी. राठौर, प्राध्यापक राजकुमार विश्वकर्मा तथा ब्लॉक समन्वयक श अनिल चोरे शामिल रहे। सभी अतिथियों ने आदि गुरु के जीवन दर्शन पर संक्षिप्त किंतु सारगर्भित विचार साझा किए।

कार्यक्रम संयोजक एवं मार्गदर्शक श अशोक बेन्द्रे (विकासखंड समन्वयक, जन अभियान परिषद केवलारी) ने आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ₹युवाओं में भारतीय संस्कृति के प्रति श्रद्धा और सामाजिक चेतना विकसित करना ही इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है।

कार्यक्रम के विशेष आकर्षण में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सभी उपस्थित जनों ने जल संरक्षण की शपथ ली। यह संकल्प आदि गुरु के प्रकृति और जीवन संतुलन पर आधारित विचारों की सजीव अभिव्यक्ति थी। कार्यक्रम का संचालन श बालकराम डेहरिया द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन श रामकृष्ण डेहरिया ने किया। जन अभियान परिषद के अंतर्गत कार्यरत नवांकुर संस्थाओं के प्रमुखों- शमती नान बाई जंघेला,अभिषेक तिवारी, शमति मोमलता गजेंद्र, प्रमोद राय की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष सम्मान प्रदान किया साथ ही कार्यक्रम को भाव्य सहयोग प्रदान करने वाले परामर्शदाता राधेश्याम बंदेवार, मोतीराम हरदुआ और कलावती जी का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने गंभीरता से सभी वक्ताओं के विचार सुने और आदि गुरु शंकराचार्य जी के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। यह आयोजन निःसंदेह केवलारी क्षेत्र के लिए एक प्रेरणादायक सांस्कृतिक और बौद्धिक संगम सिद्ध हुआ।

राज्य स्तरीय वुशु स्पर्धा मे जीते 11 स्वर्ण 8 रजत 2 काँस्य पदक

राज्य स्तरीय स्पर्धा में सिवनी जिले ने तृतीय स्थान प्राप्त किया

जबलपुर में आयोजित राज्य स्पर्धा में सिवनी के खिलाड़ी छाए रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

मध्य प्रदेश वुशु संघ द्वारा जबलपुर के रानीताल स्थित खेल एवं युवा कल्याण विभाग इंडोर हाल में दिनाक 2 मई से 3 मई तक आयोजित 24वी राज्य स्तरीय सबजूनियर ,जूनियर, सीनियर वुशु स्पर्धा में सिवनी जिला वुशु संघ के दल में सिवनी के 23 खिलाडियों ने भाग लेकर पदक जीते। ज्ञातव्य है की सिवनी जिले के वुशु कोच सोहन लाल सेन सचिव जिला वुशु संघ के प्रशिक्षण से तैयार खिलाडी अनेको राज्य एवं रास्ट्रीय स्पर्धाओं में पदक प्राप्त कर रहे है । सिवनी के खिलाड़ियो ने राज्य स्पर्धा में अपने अपने भार वर्ग 56 किलो ग्राम आर्या रंगाड़े रजत पदक ,45 किलो ग्राम उत्कर्षा राउत स्वर्ण पदक ,56 किलो ग्राम अवनी चौरसिया स्वर्ण पदक , 65 किलो ग्राम भावना शर्मा स्वर्ण पदक,75 किलो ग्राम दिशा जायसवाल स्वर्ण पदक , 22 किलो ग्राम किंजल सेन रजत पदक, 24 किलो ग्राम ऐश्वर्या सेन रजत पदक,ट्रेडिशनल इवेंट यामिनी सोनी कांस्य पदक,30 किलो ग्राम आर्या सोनी स्वर्ण पदक, ट्रेडिशनल इवेंट मुस्कान चौरसिया स्वर्ण पदक ,32 किलो ग्राम बीना देनेश्वर रजत पदक , ट्रेडिशनल इवेंट ऋषिका नामदेव रजत पदक , ट्रेडिशनल इवेंट दिलेश्वरी कटरे स्वर्ण पदक,ट्रेडिशनल इवेंट आशीष यादव स्वर्ण पदक ,56 किलो ग्राम प्रकाश कुशवाहा रजत पदक,80 किलो ग्राम अंश राजपूत स्वर्ण पदक, 90 किलो ग्राम अक्षांश दीक्षित स्वर्ण पदक,36 किलो ग्राम आर्यन सिंह वैश्य स्वर्ण पदक, 52 किलो ग्राम उज्वल डहेरिया रजत पदक,ट्रेडिशनल इवेंट हर्षित रंगड़े काँस्य पदक,24 किलो ग्राम आदित्य देनेश्वर रजत पदक,85 किलो ग्राम दक्ष चंद्रवनाशी रजत पदक,प्रशांत अक्षरिया , अभिनव राजपूत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया।

कांग्रेस की जिला समन्वय समिति की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज सिवनी। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना द्वारा जिला समन्वय समिति की बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन में बैठक रखी गई, उपस्थित सदस्यों द्वारा जिला स्तर पर जिला मुख्यालय में संविधान बचाओं, देश एवं प्रदेश की भाजपा सरकार की विफलता, बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की मांग व अन्य मुद्दो पर दिनांक 3 मई से 10 मई के बीच कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

बैठक को सम्बोधित करते हुये खुराना ने कहा कि आम जनों को संविधान के मूल अधिकारों की जानकारी देकर अपने अधिकारों के प्रति सचेत करना, उनके मन में संविधान में दिये गये मौलिक अधिकारों के प्रति जागरूकता लाना एवं प्रतिबद्धता बढ़ाना, सत्ता के नशे में चूर भ्रष्टाचार में डूबी भाजपा सरकार के क्रिया कलाप जन जन तक पंहुचाने के लिए प्रत्येक कांग्रेस जन को बूथ से लेकर सेक्टर, मंडलम एवं ब्लॉक में जन संवाद लोगो से स्थापित करना होगा, भाजपा की कथनी और करनी में अंतर को बताना होगा। बरघाट के पूर्व विधायक अर्जुन सिंह काकोडिया ने कहा कि प्रत्येक कांग्रेस जनों के घर में संविधान की प्रस्तावना अनिवार्य रूप से लिखी होना चाहिये। जिला सहप्रभारी विवेक अवस्थी ने कहा कि संविधान को जिस तरह से भाजपा सरकार तोड़ने का प्रयास कर रही है, सरकारी तंत्र का दुरूपयोग कर रही है, दलित आदिवासी एवं कमजोर वर्ग पर अत्याचार की घटना बढ़ रही है, सरकार के हर मोर्चे पर विफलता को जनता के सामने लाने हेतु रैली का आयोजन कर जन जागरण किया जायेगा।

समाज कार्य के लिए सामाजिक सद्भावना जरूरी- पटेल

आदर्श ग्राम बोरदई में किया जल गंगा संवर्धन अभियान व वाचनालय व संस्कार केन्द्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज सिवनी। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में जलगंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत, बोरदई की जीवनदायिनी बोरदई को स्वच्छ और समृद्ध बनाने के लिए आज एक महत्वपूर्ण पहल की गई। नवांकुर संस्था देव संस्कृति फाउंडेशन और प्रकृति स्वछता, ज्ञान,योग समिति ने संयुक्त रूप से इस अभियान के प्रथम दिवस श्रमदान किया, जिसमें तलाब के तट पर सफाई और अन्य आवश्यक कार्य किए गए।

इस महत्वपूर्ण आयोजन में नवांकुर संस्थाओं के सक्रिय प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। साथ ही, विकासखंड समन्वयक मोनिका चौरसिया और परामर्शदाता कविता बेले,धीरेन्द्र चौरसिया, पीयूष दुबे,राहूल पाण्डे भी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस प्रयास को अपना समर्थन और मार्गदर्शन प्रदान किया। सभी ने मिलकर बोरदई तलाब के किनारों से प्लास्टिक और अन्य अपशिष्ट पदार्थों को हटाने में योगदान दिया, जिससे तलाब,नदी के प्राकृतिक सौंदर्य को बहाल करने में मदद मिली।

यह श्रमदान न केवल बोरदई तलाब को स्वच्छ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह समुदाय को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का भी एक सशक्त माध्यम है। नवांकुर संस्थाओं और जन अभियान परिषद का यह संयुक्त प्रयास निश्चित रूप से अन्य लोगों को भी प्रेरित करेगा कि वे अपनी नदियों,तलाबों और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए आगे आएं।

ग्राम पंचायत बोरदई, जो इस क्षेत्र के लोगों के लिए जीवन का स्रोत है, को स्वच्छ और स्वस्थ रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस दिशा में किया गया यह श्रमदान एक सराहनीय पहल है और उम्मीद है कि यह भविष्य में भी जारी रहेगा, जिससे विकासखंड सिवनी और इसके आसपास के क्षेत्रों में जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा।

सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी गरीब जनता के लिए राहत भरी है-भाकपा

हरिभूमि न्यूज सिवनी। जनता को सुप्रीम कोर्ट द्वारा की गई सुखद टिप्पणी की गई है जिसके अंतर्गत जस्टिस विक्रम नाथ जस्टिस संजय करोल और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने दवा कंपनियां अत्यधिक और तर्कहीन दवाई लिखने के लिए डॉक्टर पर दबाव बनाते हैं इस पर तभी अंकुश लगेगा जब डॉक्टर के लिए जेनेरिक दवाई ही लिखने का वैधानिक आदेश आएगा यह टिप्पणी बड़ी सुखद है इससे आम जनता का इलाज कम राशि में हो जाएगा जो अपने इलाज के लिए परेशान होकर धन इकट्ठा करने में इलाज के लिए इधर-उधर भटकते हैं।

इस सुखद टिप्पणी का भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड डीडी वासनिक सहित राजेंद्र जायसवाल डॉक्टर बी सी ओके ओम प्रकाश बोर्ड तीर्थ प्रसाद गजभिए किरण प्रकाश राहुल कुमार यीशु प्रकाश पवन कुमार मंजू ककोड़िया धनीराम बंडेवार आदि ने बहुत-बहुत स्वागत किया है और कहा है कि डॉक्टर को जेनेरिक दवाई ही लिखने का वैधानिक आदेश शीघ्र दिया जावे जिससे आम जनता का इलाज कम राशि में पूरा हो और वे स्वस्थ होकर अच्छा जीवन जी सके क्योंकि मनुष्य को अपना जीवन जीने के लिए रोटी कपड़ा मकान शिक्षा के अलावा अपने आप को स्वस्थ रखने के लिए दवा की जरूरत होती है।

राज्य स्तरीय चैंपियन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

सिवनी के अनीश ने मात्र 8 मिनट में 200 प्रश्नों को हल कर चौथा स्थान किया प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

यूसीमास वैदिक गणित की राज्य स्तरीय चैंपियन प्रतियोगिता इंदौर में आयोजित मध्य प्रदेश राज्य से अलग-अलग शहरों से आए नन्हे मुन्ने बच्चों ने कम से कम समय में सैकड़ो सवालों को हल कर अपना परचम लहराया यूसीमास सिवनी की डायरेक्टर नीना नाहटा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश से आए अलग-अलग शहरों से लगभग 6000 बच्चों ने भाग लिया था जिसमें से 26 बच्चे सिवनी के शामिल थे उसमें से सिवनी के अनीश अग्रवाल ने मात्र 8 मिनट में 200 प्रश्नों को हल कर चौथे स्थान प्राप्त कर चैंपियन ट्रॉफी को अपने नाम कर सिवनी का नाम रोशन किया अनीश की इस उपलब्धि पर अनीश के माता-पिता एवं एवं सहपाठियों ने बधाई दी सिवनी

शिशु मंदिर में चल रह समर कैंप ने मचाई धूम

प्रख्यात प्रशिक्षकों ने सिखाए अपने हुनर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

सरस्वती शिशु मंदिर सिवनी में चल रहे समर कैंप के पंचम दिवस में लगभग 350 छात्र/छात्राओं ने उत्साह पूर्वक सहभागिता करते हुए सिवनी नगर के ख्याति प्राप्त विषय विशेषज्ञों से खेल सहित अनेक विधाओं में दक्षता हासिल करने का प्रयास किया। पंचम दिवस में योग प्राणायाम से कैंप का प्रारंभ हुआ जिसमें योगाचार्य ने अनेक यौगिक क्रियाएं सिखाई। तत्पश्चात बैडमिंटन, कबड्डी, खो-खो, के साथ अनेक भारतीय खेलों का प्रशिक्षण प्रशिक्षकों द्वारा दिया गया। बैडमिंटन प्रशिक्षण चैतन्य पाठक, सना एवं श्रेया बघेल ने प्रदान किया। जिसमें सैकडों छात्रों ने बैडमिंटन की बारिकियाँ सीखी। विद्यालय में चल रहें इस समर कैंप में कम्प्यूटर का प्रशिक्षण विद्यालय के पूर्व छात्र सौरभ राय एवं प्रतीक यादव द्वारा प्रदान किया जा रहा है। जबकि इंग्लिश स्पोकन का प्रशिक्षण चैतन्य पाठक, लक्ष्मी प्रसाद चैधरी, मती मनीषा तिवारी द्वारा दिया जा रहा है। कर्सिव राइटिंग में बडी संख्या में नन्हें मुन्ने मैया बहिन मति सविता विश्वकर्मा एवं महेश सोनकेशरिया के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। गणित का जादू भारतीय वैदिक गणित पद्धति से सिखाया जा रहा है। ऐसी ही कुछ गणित की अनोखी टिप्स विद्याभारती के वरिष्ठ अधिकारी अरूण पटेवार ने छात्रों को बताई इसके साथ साथ अशोक बागवान एवं अर्जुन सिंह बघेल द्वारा भी वैदिक गणित का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। चित्रकला में महेन्द्र पवार, मती वीणा पांडे, मती विभा परमार द्वारा चित्रकला की बारिकियां भैया/बहिनों को सिखाई जा रही है। मूर्तिकला सिवनी नगर के प्रख्यात कलाकार अर्जुन बेन द्वारा सिखाई जा रही है। मूर्तिकला सीखने के प्रति प्रशिक्षार्थियों में अनोखा उत्साह नजर आ रहा है। इसके साथ साथ नृत्य विधा का प्रशिक्षण शौर्या जैन द्वारा प्रदान किया जा रहा है जो कलर्स चैनल के रियालिटी शो ''डांस दीवाने '' में सिवनी नगर का प्रतिनिधित्व कर चुकी है। इसके साथ गीत एवं संगीत का प्रशिक्षण बहिन रितिका सोनी एवं नम्रता तेकाम के द्वारा दिया जा रहा है। उल्लेखनीय हैं उपरोक्त उपरोक्त समर कैंप 01 मई 2025 से 15 मई 2025 तक संचालित हो रहा है। जिसमें प्रतिभागी छात्रों को प्रतिदिन पौष्टिक अल्पाहार भी कराया जा रहा हैं साथ ही साथ उनके व्यक्तित्व विकास के लिए अनेक गतिविधियों संचालित की जा रही है। जिनमें सुलेख, शुद्धलेख, निबंध लेखन, तात्कालिक भाषण आदि भी सम्मिलित है।

बाघ : पेंच में उपचार के बाद सतपुड़ा टाईगर रिजर्व में किया जाएगा शिफ्ट

हिंसक वन्य प्राणी बाघ का किया गया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

बालाघाट जिले के वन परिक्षेत्र कटंगी (सामान्य) के गोरेघाट सर्किल के ग्राम कुड़वा में 03 मई से लगातार आंतक मचा रहे हिंसक वन्य प्राणी बाघ (नर) को आखिरकार रेस्क्यू टीम ने पकड़ने में सफलता अर्जित कर ली है. बाघ की उम्र करीब 06 से 07 वर्ष आंकी गई है. सोमवार की दोपहर करीब साढ़े 03 बजे के आस-पास वन्य प्राणी बाघ को ट्रेंकुलाइज कर पकड़ा गया है. मिली जानकारी अनुसार बालाघाट सीसीएफ और डीएफओ की निगरानी में बाघ को पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी ले जाया गया है. वहां बाघ का स्वास्थ्य परीक्षण होगा. इसके बाद बाघ को सतपुड़ा टाईगर रिजर्व में शिफ्ट करने की योजना बनाई गई है. 03 मई की सुबह वन्य प्राणी बाघ ने कुड़वा में घर से कुछ ही दूरी पर स्थित खेत में जंगली सुअरों से फसलों की रखवाली करने गए किसान प्रकाश पाने को अपना शिकार बना लिया था. इस घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई थी और ग्रामीण बाघ का रेस्क्यू करने की मांग कर रहे थे. रविवार की देर रात करीब साढ़े 11 बजे रेस्क्यू टीम कुड़वा पहुंची थी. सोमवार सुबह होते ही टीम ने बाघ का रेस्क्यू करने की तैयारी शुरू की गई. दो जेसीबी मशीन के साथ रेस्क्यू प्रारंभ किया गया. टीम को दोपहर साढ़े 03 बजे के आस-पास सफलता मिली. इस दौरान एसडीएम मधुवंत राव धुर्वे, एसडीओपी कटंगी विवेक शर्मा, एसडीओपी वारासिवनी अभिषेक चौधरी, उपवन मंडल अधिकारी कटंगी बी.आर. सिरसाम, वन परिक्षेत्र अधिकारी बाबूलाल चढ़ार सहित बड़ी संख्या में वारासिवनी, खैरलांजी के वन कर्मी और महकेपार, तिरोड़ी, कटंगी, वारासिवनी का पुलिस बल मौजूद रहा।

वन्य प्राणी बाघ घटना वाले दिन से लगातार गांव के आस-पास ही घूमते ही नजर आ रहा था. इंसानी शिकार की घटना के बाद बाघ ने गांव में पालतू मवेशियों को भी अपना शिकार बनाया. कुड़वा निवासी कुंदन सोनगड़े की दो बकरियों का बाघ ने शिकार किया. इसके पहले हेटी में झाडू कोहरे के घर से बकरी उड़ाकर लेकर गया था. रविवार की देर शाम कुड़वा में नहर के पास बैठकर मोबाइल चला रहे एक युवक को भी बाघ ने अपना शिकार बनाने की नाकाम कोशिश की थी. इस तरह की घटनाओं से ग्रामीणों में बेहद गुस्सा दिखाई. ग्रामीण इस तरह की घटना के बाद भयभीत कम बाघ को देखने के लिए उत्साहित ज्यादा नजर आ रहे थे. जिस कारण वन विभाग को बाघ का रेस्क्यू करने में भी कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा. यहां वन विभाग और पुलिस के लिए वन्य प्राणी बाघ और इंसानी जान की सुरक्षा करना काफी चुनौती भरा काम नजर आया. खैर, बाघ के रेस्क्यू के बाद उसे देखने के लिए पूरा गांव उमड़ पड़ा. बाघ के पकड़ाने के लिए बाद वन विभाग ने राहत की सांस ली. दरअसल, इंसानी शिकार की घटना के बाद वन विभाग का अमला लगातार ग्रामीणों के गुस्से के बीच कुड़वा गांव में बाघ की निगरानी कर रहा था।

एक महीने पहले लाया, होटल में सहकर्मी से रेप

रेप के आरोप में सीआरपीएफ जवान गिरफ्तार!

हरिभूमि न्यूज बालाघाट। बालाघाट में एक सीआरपीएफ जवान को सोमवार को शादी के दिन ही पुलिस ने रेप के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। रविवार को उसके खिलाफ सहकर्मी युवती ने रेप का केस दर्ज कराया था। वधू पक्ष जब विवाह स्थल पहुंचा, तो उन्हें दूल्हे की गिरफ्तारी का पता चला। इसके बाद वधू पक्ष ने भी महिला थाने में वर पक्ष के खिलाफ धोखाधड़ी और मानहानि की शिकायत कर दी।

दरअसल, लालबर्रा थाना क्षेत्र के बकोड़ा में रहने वाले शुभम राकड़े की सोमवार (5 मई) को प्रशांति लॉन में छिंदवाड़ा की युवती से शादी होने वाली थी। वधू पक्ष छिंदवाड़ा से आया तो उन्हें लॉन में ताला लटका मिला।

लड़की के भाई ने बताया कि दोनों पक्षों का साझा कार्यक्रम था। हम लोग सुबह बस से यहां आए। दोपहर 12 बजे प्रशांति मैरिज लॉन पहुंचे तो वहां सामान अस्त-व्यस्त था। लॉन वाले से संपर्क किया। उन्होंने बताया कि लड़के वालों की तरफ से कार्यक्रम कैंसिल हो गया। फिर हम लालबर्रा थाने गए। वहां पता चला कि लड़का जेल में है। वहां से हमें महिला थाने भेज दिया गया।

वधू पक्ष बोला- 25-30 लाख रुपए की भरपाई करें: लड़की के भाई ने बताया कि साल भर पहले रिश्ता तय हुआ था। छिंदवाड़ा में 29 अप्रैल को मांगरमाटी, 3 मई को मंडपाच्छादन और तेल मायन का कार्यक्रम था। हमने वहां 500 से 1000 लोगों को खाना खिलाया। पूरे कार्ड बंट चुके थे। सारे मेहमान आए थे। आज शाम की शादी थी।

यहां आने के बाद पता चला कि लड़का किसी लड़की के मैटर में अंदर है। हम यही चाहते हैं कि हमारी जो मानहानि हुई, जो 25 से 30 लाख रुपए खर्च हुए, लड़की की जिंदगी बर्बाद हुई, उसकी भरपाई कराई जाए। एएसपी विजय डाबर ने बताया- आरोपी शुभम राकड़े 235-वीआईपी बटालियन नोएडा में पोस्टेड है। वहीं पर

शुभम राकड़े, आरोपी

उसका लखनऊ की रहने वाली अपनी सहकर्मी से अफेयर था। लड़की का कहना है कि एक महीने पहले ही उसे लेकर बालाघाट पहुंचा था। यहां कान्हा होटल में रेप किया। लड़की ने बताया कि उसने अपने फैमिली मेंबर से मिलाकर शादी करने की बात कही थी, लेकिन बाद में नहीं मिलाया। दबाव डाला कि मेरी शादी कहीं और जुड़ गई है। तुम मुझसे दूर रहो, नहीं तो जान से मार दूंगा। एएसपी के मुताबिक, शिकायत मिलने के बाद 4 मई को शुभम राकड़े के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। सोमवार को उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया।

ASP बोले- दूल्हे का झूठ सामने आया, लड़की बची: एएसपी विजय डाबर ने कहा- जिस लड़की से शादी होने वाली थी, उसके मां, भाई और चाचा मुझसे मिले। मैंने उन्हें समझाइश दी कि लड़के खिलाफ एफआईआर हुई है, आपकी लड़की का जीवन बचा है। शादी के बाद ऐसी घटना होती तो वैवाहिक जीवन पर इसका असर पड़ता। एएसपी के अनुसार, लड़के ने वधू पक्ष से झूठ बोला, उन्हें अंधेरे में रखा। ये लोग भी महिला थाने में आवेदन दे रहे हैं। जांच में जो भी सुसंगत तथ्य मिलेंगे, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

10 मई को आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

बालाघाट। जिले में शनिवार 10 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिए कुल 18 खंडपीठों का गठन किया गया है। जिसमे जिला न्यायालय बालाघाट में 08 खण्डपीठों का गठन किया गया है। वहीं सिविल न्यायालय बैहर के लिए 03 खण्डपीठ, सिविल न्यायालय कंटगी के लिए 01 खंडपीठ, सिविल न्यायालय लांजी के लिए 01 खंडपीठ तथा सिविल न्यायालय वारासिवनी के लिए 05 खंडपीठों का गठन किया गया है। न्यायालयों में लंबित विभिन्न प्रकृति के प्रकरणों में आपराधिक शमनीय प्रकरण, परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक/मनी रिकवरी संबंधी मामलें, एमएसीटी प्रकरण (मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण), वैवाहिक प्रकरण, श्रम विवाद प्रकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण एवं जल कर/विद्युत चोरी सहित शमनीय प्रकरण और दीवानी इत्यादि विभिन्न प्रकृति के महत्वपूर्ण मामलें रखे गये है। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए बीमा कंपनी, बैंक, विद्युत एवं नगरपालिका के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। वहीं नेशनल लोक अदालत का दूरस्थ क्षेत्रों में वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार वाहन द्वारा एवं ग्रामीण स्तर पर पैरालीगल वालेन्टियर्स के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है।

सेवार्थ समिति ने खोला सुखे कंठो के लिये शीतल जल प्याऊ

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

मुख्यालय से लगभग 16 किमी. दूर ग्राम पंचायत चिल्लौद के भोईटोला में रविवार को सेवार्थ समिति के द्वारा भीषण गर्मी से निजात दिलाने की मंशा से प्याऊ खोला ताकि आने-जाने वाले राहगीरो के कंठ गीले हो सके। चर्चा में सामाजिक संगठन सेवार्थ समिति पदाधिकारी अधिवक्ता सुमित भौतेकर, जिला बौद्ध संघ महेश भौतेकर, व कृषि विस्तार अधिकारी घनश्याम भौतेकर ने संयुक्त रूप से बताया कि भीषण गर्मी में राहगीरों को पानी पिलाना सच्ची मानव सेवा है, लोग अपने घरों के आसपास गर्मी के दिनों में प्याऊ खुलवाएं, ताकि राहगीरों को ठंडा पानी पीने मिल सके, साथ ही पशु-पक्षियों के लिए भी पानी की व्यवस्थाएं कराएं।

पदाधिकारीयों ने बताया कि इन दिनों गांव एवं शहर का तापमान 35 डिग्री के ऊपर पहुंच गया है, वही आने वाले दिनों में गर्मी और बढ़ेगी। भीषण गर्मी में राहगीरों व ग्रामीण अंचलों से आने वाले लोगों को ठंडा पानी पीने मिल सके इसी भावना से ठंडे पानी की व्यवस्था कराई गई है। चंड गर्मी में राहगीरों के सूखे कंठ की प्यास बुझाने से बड़ा कोई धर्म और पुण्य नहीं। इस दौरान जलधारा बोरवेल संचालक कोमल भौतेकर, अधिवक्ता सुमित भौतेकर, जिला बौद्ध संघ महेश भौतेकर, कृषि विस्तार अधिकारी घनश्याम भौतेकर, समाजसेवी अशोक पटले अनिल डोंगरे, पेंटर सुरेन्द्र सिंगाड़े, पंकज डोंगरे, चन्दन भौतेकर, पंच एवनसिंह सिरसाम, मीता भौतेकर, संध्या भौतेकर, श्यामा पटले, देवला भौतेकर, गंगा डोंगरे, प्रिया डोंगरे, जगदीश केकड़े, डुगु केकड़े एवं प्याऊ सेविका मिलन सोनवाने सहित अन्य मौजुद रहें।

रेलवे स्टेशन : बारिश और तूफान के बाद सांसद ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट रेलवे स्टेशन पर हाल ही में आए तेज आंधी-तूफान से रूप स्ट्रक्चर और टीनशेड को नुकसान पहुंचा। सांसद भारती पारधी ने सोमवार को स्टेशन का दौरा किया। निर्माण कार्यों में अनियमितता मिलने पर उन्होंने ठेकेदार को तलब किया, लेकिन वह मौजूद नहीं था।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत साढ़े 7 करोड़ रुपए की लागत से बालाघाट रेलवे स्टेशन का कायाकल्प किया जा रहा है। इसमें स्टेशन का नवनिर्माण और पीवीसी मॉड्यूलर रूप स्ट्रक्चर सहित अन्य कार्य शामिल हैं।

सांसद ने टिकट काउंटर व्यवस्था पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि काउंटर पर चिल्लर होना जरूरी है। क्यूआर कोड को

काउंटर के अंदर रखने पर भी सवाल उठाए। उन्होंने सुझाव दिया कि क्यूआर कोड को काउंटर के आईने पर चिपकाया जाए, ताकि यात्री इससे टिकट ले सकें।

फूड स्टॉल का निरीक्षण करने के बाद सांसद ने मीडिया से बातचीत में कहा कि अमृत भारत स्टेशन के तहत हो रहे कार्य गुणवत्ताहीन हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि ठेकेदार की गलतियों को बख्शा नहीं जाएगा। रेल सुविधाओं के बारे में उन्होंने स्पष्ट किया कि रेललाइन के दोहरीकरण के बिना लंबी दूरी की ट्रेनें नहीं चल पाएंगी। हालांकि वे इसके लिए प्रयासरत हैं।

हाई एवं हायर सेकण्डरी स्कूल के परीक्षा का परिणाम आज होंगे घोषित

बालाघाट। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 6 मई 2025 को शाम 5 बजे मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी एवं विद्यालय पूर्व शिक्षा में डिप्लोमा (डी.पी.एस.ई.) मुख्य परीक्षा 2025 के परीक्षा परिणाम मुख्यमंत्री निवास (समत्व भवन) में घोषित करेंगे। मण्डल द्वारा विभिन्न पोर्टल के माध्यम से परीक्षा परिणाम ज्ञात करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। निम्न वेबसाईट पर परिणाम परीक्षा उपलब्ध रहेंगे।

राजीव सागर बांध से 50 क्यूमिक मीटर पानी छोड़ा गया

बालाघाट। बालाघाट में राजीव सागर बांध से सोमवार को 150 क्यूमिक मीटर पानी छोड़ा गया। बांध प्रबंधन ने कुल 5 मिलियन क्यूमिक मीटर पानी छोड़ने का लक्ष्य रखा है। किसानों की मांग 10 मिलियन क्यूमिक मीटर पानी की थी। बांध प्रबंधन जलस्तर के आधार पर आगे का निर्णय लेगा। इस पानी से बावनथड़ी नदी में जल प्रवाह बढ़ेगा। इससे मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के किसानों को फायदा होगा। पठार संघर्ष समिति और किसानों की कटंगी एसडीएम के साथ बैठक में तय हुआ था कि 5 मई को सुबह 11 बजे पानी छोड़ा जाएगा। बिजली की समस्या के कारण यह कार्य दोपहर 2 बजे शुरू हुआ।

नहीं रहे नितिन भाई टेंभरे, आज होगा कंजई स्थित मोक्षधाम में अंतिम संस्कार

ग्रामवासियों, ईस्ट मित्रों और सामाजिक बंदूओ में शोक की लहर

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

कंजई बेरियल निवासी शासकीय सेवानिवृत्त छोटेलाल टेंभरे (टाइगर) के छोटे सुपुत्र नितिन टेंभरे का सोमवार को सुबह लगभग 7:00 आकस्मिक निधन हो गया. वे 45 वर्ष के थे, क्षेत्र में नितिन टेंभरे के दुखद निधन की खबर लगते ही गांव में शोक की लहर देखी गई। कंजई बेरियल चौक में लगभग प्रतिष्ठान बंद

रहे, सुबह नितिन के निधन की खबर सुनते ही उनके निवास पर सामाजिक बंदूओ इष्ट मित्रों ने पहुंच कर नितिन के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख प्रकट कर शोक संवेदना व्यक्त की है और दुखी परिवार क़ो इस दुख की घड़ी में ढांढस बधाया स्वर्गीय नितिन टेंभरे का अंतिम संस्कार कंजई स्थित मोक्ष धाम में मंगलवार सुबह 10:00 बजे किया जाएगा। नितिन अपने पीछे में भरा पूरा परिवार छोड़कर परलोक सिधार गए उनके आकस्मिक निधन पर कंजई सरपंच एडवोकेट आनंद बिसेन, संजय अग्रवाल, श्याम दुलारे, हरिशंकर मुन्ना बनवाले, लालबर्रा, छत्रपाल पारधी, सफीक खान, विनोद मेश्राम, विक्की देशमुख, रमेश टेकाम, फिरोज खान, मुन्ना मदनकर, रोहित भगत, राहुल जायसवाल सहित अनेकों मित्रों ने गहरा दुख व्यक्त कर मृत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

बालाघाट। कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने जंगलों में लग रही आग पर निगरानी और काबू पाने के लिए वन विभाग को निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि ऐसे मसलों पर संबंधित असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने समय पर फाइलों के प्रस्तुतिकरण के सम्बंध में सभी विभागों को ई-ऑफिस में ही फाइल संचालित करने के लिए कहा गया है। उन्होंने रिकॉर्ड अपडेशन की विभागवार जानकारी लेते हुए कलेक्टर श्री मीना ने राजस्व विभाग को शीघ्र अपडेशन के निर्देश दिए है। उन्होंने वारासिवनी एसडीएम से लालबर्रा और खैरलांजी में रिकॉर्ड अपडेशन की अपडेट स्थिति के बारे में जाना। साथ ही निर्देशित किया कि अपडेशन में पेंडिंग न रखे, इसका निराकरण शीघ्रता से करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री मीना ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए जिन भी विभागों की पेंडेंसी 35 प्रतिशत के नीचे है उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश दिए है।

पहले दिन चार लोगों पर कार्यवाही,14 लोगों को मिला है नोटिस

गणेशी तालाब पर अतिक्रमण के खिलाफ चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज लांजी। गणेशी तालाब की पार पर बने अवैध निर्माण के खिलाफ नगर प्रशासन ने अभियान चलाते हुए पहले दिन चार लोगों के अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया। ऐसे में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलने से हड़कंप मचा रहा। नगर परिषद लांजी अंतर्गत आने वाले गणेशी तालाब की पार पर जमीन को पाट कर कई लोगों ने अवैध रूप से पक्के भवन का निर्माण कर लिया था। कई बार लोगों को प्रशासन की ओर से तालाब की जमीन को खाली करने के लिए नोटिस भी दी गई। लेकिन इन लोगों ने तालाब की जमीन को मुक्त नहीं किया। कुछ दिन पहले एक बार फिर प्रशासन ने अवैध रूप से बने अतिक्रमण को खाली करने के लिए नोटिस दी। लेकिन इस बार भी अवैध रूप से कबजेदारों ने अतिक्रमण को नहीं हटाया। वहीं सोमवार को प्रशासन की टीम जेसीबी लेकर अवैध रूप से निर्मित अतिक्रमण को गिराने के लिए पहुंची, जिससे अफरा-तफरी मच गई। जेसीबी मशीन ने चार घंटे लगातार अवैध निर्माण को गिराया। बताते हैं कि इस दौरान चार लोगों के अवेध पक्के निर्माणों को तोड़ा गया। इस दौरान एसडीओपी, नायब तहसीलदार, नगर परिषद सीएमओ, आर.आई, पटवारी एवं पुलिस प्रशासन मौजूद रहा।

इन लोगों को मिला था अतिक्रमण हटाने का नोटिस: नप सीएमओ के अनुसार मौके पर कुल 14 लोग इनमें प्रभुदयाल नथरुलाल, सकील, रेखा आसटकर, रेखा सुरचंद, उमादेवी पसीने, नवीत खान, ताराबाई लोधी, देवेन्द्र किरने, मेहतर ददुजी, पुरनलाल रोशन, रामदास व अनिल गढ़वाल को नोटिस मिला था। वहीं सोमवार 5 मई को चार लोगों के अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई जिसमें रेखा भागवत आसटकर, गायत्री मंदिर, रेखा शिवचरण, प्रभुदयाल आसटकर का आंशिक अतिक्रमण हटाया गया है।

दूसरे दिन की कार्यवाही पर संशय: इस संबंध में जानकारी से अवगत कराते हुए नगर परिषद सीएमओ बी.एल. लिल्हारे ने बताया कि अवैध रूप से तालाब पर कई लोगों ने अतिक्रमण लिया था। जिन्हें नगर परिषद द्वारा कई बार नोटिस भी दिया गया लेकिन इन लोगों ने तालाब की जमीन को खाली नहीं किया। जिसको लेकर सोमवार को राजस्व विभाग एवं पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में चार लोगो का अतिक्रमण हटाया गया है। वहीं दूसरे दिन की कार्यवाही को लेकर श्री लिल्हारे ने कहा की प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा कर अतिक्रमण हटाने की रूपरेखा बनाई जाएगी जिसके बाद अतिक्रमण हटाया जाएगा।

रसूखदारों के कब्जों पर कब गिरेगी गाज: वहीं सोमवार को हुई अतिक्रमण की कार्यवाही को लेकर नगर में जनचर्चा रही की यह कार्यवाही केवल मुंह दिखावे की कार्यवाही है। जबकि 14 लोगों के अतिक्रमण में सिर्फ चार लोगो का अतिक्रमण ही हटाया गया और रसूखदारो के अतिक्रमण हटाने के लिये प्रशासन को पसीने छूट रहे है। वहीं अधिकारियो का यह बयान की दूसरे दिन की कार्यवाही के लिये रूपरेखा तैयार की जाएगी समझ से परे है। ऐसे में बीते दिनों एक ही दिन में मंडई टेकरी में पूरा कुनबा उजाडने में प्रशासन को महज कुछ ही घंटे का समय लगा था वहीं एक अदने से तालाब की पार पर कब्जेधारियों को हटाने में दिनों की रूपरेखा तैयार की जा रही है। जिससे फिर एक बार गणेशी तालाब के पूर्ण रूप से अतिक्रमण मुक्त होने पर सवालिया निशान लग चुका है।

महाराष्ट्र पहुंची कबीर ध्वज यात्रा : गोंदिया के विभिन्न क्षेत्रों मे कबीरपंथियो ने लहराया कबीर ध्वज

हरिभूमि न्यूज बैहर। बालाघाट जिले की बैहर तहसील में निवासरत कबीरपंथी मानिकपुरी पनिका समाज अपनी एकता और मजबूत संगठन के लिए जाने जाते हैं। विगत 1 मार्च 2025 से कबीरपंथी मानिकपुरी पनिका समाज बैहर अपने विभिन्न उद्देश्यों को लेकर कबीर ध्वज यात्रा प्रारम्भ किया था, और आज मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में भ्रमण करने के बाद महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में निवासरत पनिका समाज के आव्हान पर महाराष्ट्र राज्य में कबीर ध्वज यात्रा का परचम लहराया, जिसका मुख्य उद्देश्य समाज के प्रति जागरूकता लाना, साहेब के प्रति प्रेम का अलख जगाना और श्री सदगुरु कबीर साहेब के वचनों और उनके ध्वज को घर घर लहराकर, समाज के संगठनों को मजबूत करने की दिशा में, समाज के अध्यक्ष अधिवक्ता श्री आर राजा सोनवाने के निर्देशन पर एवं आमीन माता महिला मंडल बैहर के सौजन्य से कबीर ध्वज यात्रा निकालकर बखूबी कार्य कर

रहे हैं।चर्चा के दौरान कबीरपंथी पनिका समाज के अध्यक्ष अधिवक्ता श्री आर राजा सोनवाने ने बताया की, पनिका समाज अपने सात्विक खान पान से परे, निर्मल जल की तरह शुद्ध माने जाते है, जिनके आराध्य गुरु श्री सदगुरु कबीर साहेब जी है, जिनके वंशज धर्मगुरु श्री प्रकाशमुनि नाम साहेब जिनका मुख्य उद्देश्य जीव दया आतम पूजा है। जिसके तारतम्य में कबीर ध्वज यात्रा अपना परचम लहरा रहा है।

सबको समान अधिकार पनिका समाज का लक्ष्य : आर राजा

बालाघाट जिले की बैहर तहसील कबीरपंथियो का गढ़ माना जाता है यह एक पनिका बाहुल्य क्षेत्र है, जो प्रकृति की गोद में बसता है। पनिका समाज अपने स्वच्छ और सात्विक खानपान के लिए भी जाने जाते है, समाज में फैली व्याप्त बुराइयों को मिटाकर भेद भाव से कोषों दूर रहकर समान अधिकार से पारंपरिक कार्य करना पनिका समाज का लक्ष्य है। जिसको लेकर समाज के अध्यक्ष अधिवक्ता श्री आर राजा सोनवाने कहते है की, कबीरपंथी मानिकपुरी पनिका समाज अब अपनी आधुनिकरन की ओर है, और समाज की सेवा में हमेशा तत्पर रहता है, समाज में समान अधिकार हमारा लक्ष्य है। जिसको लेकर समाज में कबीर ध्वज यात्रा के बैनर तले जागरूकता लाने का काम कर रहे है। जिसकी शुरुवात 1 मार्च 2025 से की गई है, जो अब तक बालाघाट, मंडला और महाराष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग सैकड़ों ग्रामों में भ्रमण कर समाज में जागरूकता लाने का कार्य कर रहा है। और लगातार यात्रा भ्रमण कर विविध कार्यक्रमों के माध्यम से कबीर ध्वज यात्रा का परचम लहरा रहे है। जो निरंतर चलता रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महंत अतीत दास, महंत अंतू दास, देवान अमृत दास, देवान भादू दास, बखरू दास सियान, राजू दास परवार, करण दास परवार, इंद्रदास सोनवाने, विपत दास पनरिया, सम्मल दास टांडिया, ओमकार मांगरे, संजय मांगरे, कन्हैया बघेल, दिनेश शार्वेसकृष्णा मांगरे, सुनीता परवार, अमृता परवार, मीना परवार, मीना धार्वे, गीता सोनवाने, मधु बघेल, गीता परवार, सकून परवार, शांति सोनवाने, सुनीता पनरिया, लक्ष्मी सुरेश्वर, लक्ष्मी पनरिया, उर्मिला धार्वे सहित भारी संख्या में कबीरपंथी मानिकपुरी पनिका समाज उपस्थित रहा।